हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.4 डिग्री
न्यूनतम 15.7 डिग्री

9 तीन ग्राम पंचायतों ने 243 प्लॉटों के निकाले ...



10 दीपावली पर दमकल विभाग तैयार, कर्मियों की छुट्टियां रद्द






## खबर संक्षेप

### आईटीआई में दाखिले के लिए 17 तक आवेदन



डीसी सचिन गुप्ता

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में दाखिले लेने के लिए इच्छुक आवेदकों के लिए ऑन-दा-स्पॉट दाखिला आवेदन की अन्तिम तिथि 17 अक्तूबर 2025 निर्धारित की गई है। इन संस्थानों में दाखिला के लिए आवेदन करने का यह अंतिम अवसर है।सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला के गांव हसनगढ़ स्थित आई.टी.आई. में संचालित किए जा रहे 18 व्यवसायों में कुल 298 सीटें खाली हैं। इच्छुक छात्र/छात्रा इस दौरान राजकीय आईटीआई हसनगढ़ में आकर हेल्पडेस्क पर दाखिले के लिए निःशुल्क आवेदन करके इन व्यवसायों में दाखिला ले सकते हैं

### बाल दिवस प्रतियोगिताएं 17 तक करवाई जाएंगी

**रोहतक।** बाल भवन में इस समय बाल दिवस प्रतियोगिताएं 2025 का आयोजन किया जा रहा है। ये स्पर्धाएं 17 अक्टूबर तक जारी रहेंगी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। बच्चों को मंच प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में यह आयोजन एक प्रेरणादायक पहल है। बाल दिवस प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नृत्य, गायन, क्ले मॉडलिंग, क्विज प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित अनेक सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### नवोदय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 21 तक

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि गांव घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर लेट्रल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट - 2026 के तहत प्रवेश के लिए अब 21 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इन कक्षाओं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आगामी 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र पात्र होंगे। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए वर्तमान सत्र में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र पात्र होंगे।

### एमडीयू में राष्ट्रीय कार्यशाला कल

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में 16 अक्टूबर को-भारतीय पारंपरिक ज्ञान के संप्रेषण एवं प्रसार विषय पर शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा एसवीएएसटीआईके (साइंटिफिकली वेलिडेटेड ट्रेडिशनल नॉलेज टू द सोसाइटी) पहल और भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी के रुसेटअप कार्यक्रम के अंतर्गत महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित की जा रही है। बॉटनी विभाग के प्रो सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में पद्म भूषण सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी करेंगे।

---

**घटना से पुलिस विभाग भी सदमे में : रोहतक एसपी ने संदीप को मेहनती और ईमानदार बताया**

# एएसआई संदीप कुमार के सुसाइड नोट ने छोड़े कई सवाल, जांच तेज

*एएसआई संदीप कुमार की आत्महत्या ने सिस्टम पर कई सवाल किए है। सुसाइड नोट में संदीप ने बड़े अधिकारियों के कारनामों को उजागर किया है, साथ ही भगत सिंह को अपना आदर्श बताते हुए यह बड़ा फैसला लिया है।*

### बेहतर कार्य के लिए सीएम ने 15 अगस्त पर किया था सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जींद के जुलाना के रहने वाले एएसआई संदीप कुमार की आत्महत्या ने सिस्टम पर कई सवाल किए हैं। सुसाइड नोट में संदीप ने बड़े अधिकारियों के कारनामों को उजागर किया है। साथ ही भगत सिंह को अपना आदर्श बताते हुए यह बड़ा फैसला लिया है। रोहतक एसपी सुरेंद्र कुमार भौरिया ने संदीप को ईमानदार और मेहनत अधिकारी बताते हुए घटना पर दुख जताया। उनकी मौत से पूरे पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों में शोक है। साथ ही सुसाइड नोट और वीडियो की जांच करने की बात कही गई है। इसके साथ ही संदीप की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा बेहतर कार्य के लिए 15 अगस्त पर सम्मानित किया गया था।



रोहतक। मौके पर जांच करते एसपी सुरेंद्र कुमार भौरिया। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। मौके पर जमा पुलिस व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### पुलिसकर्मियों का शोषण किया

आरोप है कि कर्मचारियों को आईजी ऑफिस में बुलाकर फाइलों के नाम पर डराकर उनसे पैसे लिए और बिना शिकायत के रोहतक रेंज से फाइलें मंगा कर उनमें छोटी मोटी कमियां निकालकर उन्हें मेंटली टॉर्चर किया गया। आईएएस लॉबी को ईमानदार अफसरों को टारगेट करने का मौका मिल गया है। हरियाणा में जातिगत जहर घोल कर ईमानदार और कर्मठ व्यक्तियों, अधिकारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह सच्चाई और ईमानदारी की भ्रष्टाचार से लड़ाई है। इसमें सच्चाई सामने आनी चाहिए।





रोहतक। मौके से शव को लाते परिजन। फोटो : हरिभूमि

### मौत पर स्पष्टीकरण न दें पुलिस जांच में सहयोग करें: सर्वजातिय सर्वखाप पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



अनिल राठी प्रधान चौबीसी सर्वजातिय सर्वखाप पंचायत।

> मामले से जुड़े जितने भी लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, वह बिल्कुल गलत

सर्वजातिय सर्वखाप पंचायत ने आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार और हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप कुमार के असामयिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। सर्वजातिय सर्वखाप पंचायत के प्रधान अनिल राठी ने कहा है कि आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार के आत्महत्या के मामले में चल रही जांच में पुलिस अधिकारी मौत को गले लगाकर अपना स्पष्टीकरण न दें। जीवन को समाप्त कर लेना बिल्कुल गलत है। इसका मतलब हमारा पुलिस की जांच और भारत वर्ष की न्याय प्रणाली से विश्वास उठ गया है। क्या हमें अपनी बात रखने के लिए अपनी मौत को गले लगा पड़ेगा। ऐसा बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। इस मामले से जुड़े जितने भी लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, वह बिल्कुल गलत है। समाज को जाति बिरादरी में नहीं बांटा जाना चाहिए। आाजादी के बाद बड़ी मुश्किल से देश में लोकतंत्र स्थापित हुआ था। अब हम वापस उसी स्थिति में चले जाएं, यह गलत है। जो भी लोग इस मामले में राजनीति कर रहे हैं, उनको इस मामले से हटाया जाना चाहिए या उन्हें खुद हट जाना चाहिए। मरने वाले पुलिस अधिकारी जिसको शहादत कह रहे हैं, क्या इन शहादतों से ही अब देश में न्याय मिला करेगा। ऐसी परंपरा नहीं शुरू होनी चाहिए। जिंदा रहकर लड़ना चाहिए।

### दुख की घड़ी में रोहतक पुलिस परिवार के साथ: एसपी

पुलिस को सूचना मिली कि साइबर सैल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय रोहतक में तैनात एएसआई संदीप कुमार ने गांव लाढौत में खेत में बने कोठरे में अपनी सर्विस पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। घटनास्थल से चार पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसके अलावा संदीप कुमार द्वारा सुसाइड करने से पहले एक विडियो भी बनाई गई जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। संदीप कुमार एक ईमानदार पुलिस कर्मचारी था जो अपना कार्य कर्तव्य निष्ठा भाव से करता था। यह एक अत्यंत दुखःद घटना है। इस दुख की घड़ी में रोहतक पुलिस परिवार के साथ है। पुलिस की आमजन से अपील है कि भाईचारा बनाए रखे, शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखे।

### एक साल से साइबर सेल में थे

संदीप कुमार मूल रूप से जींद जिले के जुलाना के वार्ड नंबर 4 के रहने वाले थे। वह रोहतक के लाढ़ौत रोड पर अपने मामा बलवान देशवाल के घर रहते थे। वह पिछले एक साल से रोहतक के साइबर सेल में तैनात थे। रविवार को वह जुलाना अपने घर आए थे। आज सुबह वह ड्यूटी पर नहीं आए तो साथी कर्मचारियों ने उन्हें कॉल किए।

### ये अधिकारी पहुंचे

संदीप ने दोपहर को ही लाढ़ौत के पास अपने मामा के खेत में बने कमरे में पिस्टल से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। यहां कार्यरत कर्मचारी ने गोली की आवाज सुनी और फिर परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी करीब 2 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना आई। इसके बाद एसपी सुरेंद्र भौरिया, एएसपी प्रतीक अग्रवाल, सीआईए और सदर थाने की टीमें पहुंचीं। मौके पर साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को भी बुलाया गया।

### परेशान चल रहा था संदीप

संदीप के मामा के बेटे संजय ने बताया कि उनका भाई पिछले कुछ दिन से परेशान चल रहा था। रविवार को भी हमारी बात हुई थी। दिन में भी हम कुछ देर तक साथ थे। जब तक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं होगा वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

### सुसाइड नोट में कई खुलासे

संदीप ने सुसाइड नोट में कई खुलासे किए हैं। उनका कहना है कि भ्रष्टाचारियों के आगे एसपी नरेंद्र बिजारणिया अड़े रहे। इन्होंने अपनी पोस्टिंग के दौरान हमेशा ईमानदारी से काम किया। इन्होंने पुलिस कर्मचारियों के हित में कार्य किए।

### गनमैन सुशील पर आरोप

संदीप ने सुसाइड नोट में लिखा है कि तत्कालीन एडीजीपी के स्टाफ को पता था कि किन फाइलों में कहां गलती है। उन्होंने लोगों को बुलाकर पैसे मांगने शुरू कर दिए। मेरी बातों में सच्चाई है। इन्होंने वहां पर ऐसा माहौल बना दिया कि वहां कोई भी जाता तो गनमैन सुशील पैसे मांगने लग जाता था। एडीजीपी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत दी गई थी, उसी से डरकर उन्होंने सुसाइड किया है।

### भ्रष्टाचार की जांच हो

सुसाइड नोट में लिखा गया है कि एडीजीपी के खिलाफ जांच होगी, सच्चाई सामने आएगी। परिवार की राजनीति पर भी नुकसान होगा, तो उन्होंने अपने परिवार को बचाने के लिए सुसाइड किया। इसकी जांच होनी चाहिए। इन्हें इसका लाइसेंस नहीं मिल रहा। सभी की जांच होनी चाहिए।

### 7 अक्टूबर को एडीजीपी ने की थी आत्महत्या

7 अक्टूबर को एडीजीपी वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ निवास पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में एडीजीपी की पत्नी अवनीत पी कुमार ने डीजीपी शत्रुजीत कपूर, रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया सहित 14 अफसरों के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसमें आरोप था कि रोहतक एसपी ने एडीजीपी के गनमैन सुशील को गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार के झूठे केस में फंसाया। उससे जबरन एडीजीपी का नाम लेने के लिए दबाव दिया जा रहा था। अवनीत तभी से डीजीपी और रोहतक एसपी रहे नरेंद्र की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी हुई है।

---

**19581 किसानों ने 123426 एकड़ में नुकसान होने की पोर्टल पर दर्ज करवाई थी शिकायत**

# जिले में स्पेशल गिरदावरी पूरी, एसडीएम की क्रॉस चेकिंग शुरू, किसानों को मुआवजे का इंतजार

- मानसून में ज्यादा बरसात होने की वजह से खराब हुई थी फसलें
- मुआवजा राशि किसानों के खाते में जमा करवाएगी सरकार

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

मानसून में भारी बरसात की वजह से खरीफ में हुए नुकसान का मुआवजा देने के लिए सरकार ने बीते सितंबर में विशेष गिरदावरी का जो काम शुरू करवाया था, वह अब पूरा हो गया है। पटवारी, कानूनगो, तहसीलदार ने गिरदावरी में कोई कमी तो नहीं छोड़ी है, इसकी क्रॉस चैकिंग प्रारंभ करवा दी गई है। जांच संबंधित इलाके एसडीएम द्वारा की जा रही हैं। ये काम पूरा होने के बाद सरकार को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। इसके बाद ही किसानों को मुआवजा मिलेगा। मुआवजा कब तक खातों में जमा करवा दिया जाएगा। इसकी जानकारी जिला स्तर के अधिकारियों को नहीं है। अफसरों का कहना है कि चंडीगढ़ से किसानों के खातों में ऑनलाइन पैसा जमा करवाया जाता है।

### 20-25 दिन तक हुई गिरदावरी

जिले के 19581 किसानों ने पोर्टल पर दर्ज करवाया था कि उनकी 123426 एकड़ में खड़ी फसलें अत्याधिक बरसात होने की वजह से तबाह हो गई थी। कौन कौनसी फसलें पानी की भेंट चढ़ गई थी, इसकी जानकारी किसानों को गत 15 सितंबर दर्ज करनी थी। किसानों द्वारा जानकारी दर्ज करने के बाद सरकार ने विशेष गिरदावरी का काम प्रारंभ करवाया। तकरीबन 20-25 दिन तक पटवारियों और कानूनगो ने ये काम दिन-रात मेहनत करके पूरा किया। पटवारी द्वारा की गई विशेष गिरदावरी की जांच कानूनगो करेगा, कानूनगो की जांच तहसीलदार, तहसीलदार की एसडीएम, एसडीएम की डीसी और डीसी ने जितना रकबा मौके पर जाकर जांचा उसका कुछ प्रतिशत कमिश्नर द्वारा जांचा जाएगा। ये मैकेनिज्म विशेष गिरदावरी के लिए सरकार ने तय किया हुआ है।

### कई राहतें दी हैं सरकार ने

ध्यान रहे कि हरियाणा सरकार ने भारी बारिश व जलभराव से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत दी है। क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले किसानों को दिवाली से पहले मुआवजा दे दिया जाएगा, ऐसे प्रयास सरकार कर रही है। बारिश और जलभराव से प्रभावित किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शनों का करीब 175 करोड़ रुपये के बिजली बिलों का भुगतान दिसंबर तक सरकार स्थगित कर चुकी है। इसके अलावा जिन गांवों में बाढ़ के कारण 50 फीसदी से अधिक फसलों का नुकसान हुआ है और बीमित किसानों की फसलों को 33 प्रतिशत या उससे अधिक नुकसान हुआ है, उन किसानों से सहकारी समितियों के खरीफ सीजन के चालू फसली ऋण की वसूली तीन महीने तक टाल दी गई है। ऐसे किसानों को रबी सीजन की फसल के लिए ऋण लेने में परेशानी नहीं आएगी। इससे करीब तीन लाख किसानों को फायदा पहुंचेगा। फसल में 75-100 प्रतिशत तक नुकसान होगा तो प्रति एकड़ 15 हजार का मुआवजा मिलेगा। जैसे-जैसे नुकसान का प्रतिशत कम होता रहेगा, वैसे-वैसे मुआवजा की राशि भी कम होगी।

### जल्द पूरी होगी क्रॉस चेकिंग

किस गांव में किस किसान की कितने एकड़ और कितने प्रतिशत फसल खराब हुई है, ये रिपोर्ट क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्रशासन की तरफ से दर्ज की जा चुकी हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद ही सरकार ने संबंधित एसडीएम से क्रॉस चैकिंग करवाने का निर्णय लिया है। सूत्र बताते हैं कि सरकार एसडीएम को अलग-अलग किला नंबर भेजकर जांच करवा रही है। ताकि कोई भी ऐसा किसान जिसका नुकसान हुआ है, वह मुआवजा से वंचित न रहे। और जिसे नुकसान नहीं हुआ है, उसे मुआवजा न मिले, ऐसे प्रयास सरकार कर रही है। कई बार ऐसा हो जाता है कि जिन्हें नुकसान होता है, उन्हें मुआवजा नहीं मिलता। जिन्हें नहीं होता है, वे पैसा हासिल कर लेते हैं।

### इस समय किसानों को पैसों की सख्त जरूरत

रबी बिजाई का सीजन प्रारंभ हो चुका है। इस समय किसानों को बिजाई के लिए पैसा चाहिए होता है। जिन किसानों की खरीफ बारिश ने खत्म कर दी, उनके पास बिजाई के लिए पैसा नहीं है। ऐसे में सरकार जितनी जल्द मुआवजा का पैसा किसानों को देगी,उतनी किसानों को शीघ्र राहत मिलेगी।

---



# मारपीट में घायल युवक की पीजीआई में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव कसरैंटी के निवासी जोगेंद्र की मारपीट में गंभीर चोटों के बाद पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की और इसके विरोध में उन्होंने शव लेने से इंकार कर दिया। परिजनों का कहना है कि कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपी वाईस चेयरमैन सुनील उर्फ शीला और उसके साथियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जबकि आरोपियों ने उन्हें शिकायत वापिस लेने की धमकी तक दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होते, वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हालांकि देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

बता दें कि 1 अक्टूबर की रात अनिल और जोगेंद्र के साथ ब्लॉक समिति के वाईस चेयरमैन सुनील उर्फ शीला ने झगड़ा किया और अपने साथियों के साथ हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन जोगेंद्र की हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल और बाद में पीजीआई ले जाया गया। मंगलवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



पिस्सू अपने शरीर की लंबाई से 350 गुना तक छलांग लगा सकते हैं।



मगरमच्छ अपनी जीभ बाहर नहीं निकाल सकते।



# पोस्ट अधिकारी बनकर भी चमका सकते हैं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### ये चाहिए जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जॉब के लिए योग्यता

जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रुप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## ये प्रोसेस अपनाएं

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

---

## विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता

# बीबीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट और सरकारी जगत में सुनहरे अवसर

**डॉ. मोहित बंसल**

**करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर**



## तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम



बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को प्रबंधन विज्ञान, व्यवसाय रणनीति और नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता है। इसमें प्रायः मार्केटिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप और बिजनेस लॉ जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यधिक महत्व है,मार्केटिंग किसी भी कंपनी की ब्रांड छवि और बिक्री बढ़ाने का प्रमुख स्तंभ है, फाइनेंस और अकाउंटिंग संस्थान की आर्थिक रीढ़ हैं, एचआर प्रबंधन संगठन की कार्यकुशलता और टीम भावना को मजबूत करता है, जबकि बिजनेस लॉ और स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट संस्थान को कानूनी, नैतिक और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि से सक्षम बनाते हैं। इस प्रकार बीबीए न केवल छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है, बल्कि उन्हें समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी प्रायोगिक कौशलों से भी सुसज्जित करता है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बीबीए को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बीबीए ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं।

### विशेषज्ञता चुनी जा सकती

बीबीए/ऑनर्स में विषय-गहनता के साथ विशेषज्ञता चुनी जा सकती है। निम्नलिखित प्रमुख विशेषज्ञताएं इस प्रकार हैं।
विपणन (मार्केटिंग) वित्त लेखा
मानव संसाधन प्रबंधन । परिचालन/संचालन
व्यवसाय विश्लेषिकी (बिज़नेस एनालिटिक्स)
अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्यमिता, आपूर्ति श्रृंखला व लॉजिस्टिक्स, खुदरा प्रबंधन, बैंकिंग और बीमा
डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन व आतिथ्य प्रबंधन
इन विशेषज्ञताओं का प्रत्यक्ष उपयोग बिक्री-वृद्धि, लाभप्रदता, लागत-नियंत्रण, प्रतिभा-प्रबंधन, डेटा-व्याख्या, वैश्विक विस्तार और ग्राहक-अनुभव को बेहतर बनाने में होता है।

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि कार्यान्वयन-योग्य कौशल ही करियर को तीव्र गति देते हैं,यही आज के उद्योग मानक हैं। निम्नलिखित आवश्यक कौशल इस प्रकार हैं। प्रभावशाली लिखित/मौखिक संचार व प्रस्तुतीकरण, उन्नत स्प्रेडशीट/एमआईएस, मूल वित्तीय विश्लेषण, बजट/पूर्वानुमान, सीआरएम/ईआरपी जैसे व्यावसायिक उपकरणों की समझ, डेटा-आधारित सोच, व्यवसाय विश्लेषण की बुनियाद, बिक्री-वार्ता, ग्राहक-सम्बंध प्रबंधन, सेवा-उत्कृष्टता, परियोजना-प्रबंधन, समय-प्रबंधन, टीमवर्क व नेतृत्व, इंटर्नशिप/ लाइव-प्रोजेक्ट/ उद्योग-प्रमाणन, (गूगल/ मेटा/ टैली/ एक्सेल आदि)

### उच्च अध्ययन के विकल्प

**उच्च शिक्षा नेतृत्व-स्तरीय प्रगति, वैश्विक मानकों की विशेषज्ञता और करियर-गतिशीलता को गति देती है,बीबीए के बाद सही कार्यक्रम चुनना करियर-वृद्धि का गुणक सिद्ध होता है।**

निम्नलिखित प्रमुख उच्च अध्ययन विकल्प इस प्रकार हैं। एम.बी.ए. (विपणन/वित्त/मानव, संसाधन/ संचालन/ व्यवसाय, विश्लेषिकी/ अंतरराष्ट्रीय व्यापार/उद्यमिता) पी.जी.डी.एम. (उद्योग-उन्मुख प्रबंधन), एम.कॉम. (लेखा/वित्त में गहनता), विधि स्नातक (एल.एल.बी.) – कॉर्पोरेट/ व्यापार कानून, व्यवसाय विश्लेषिकी/डेटा विज्ञान में पी.जी. कार्यक्रम, मानव संसाधन प्रबंधन (एम.एच.आर.एम.), अंतरराष्ट्रीय व्यापार (एम.आई.बी.), हॉस्पिटैलिटी/ टूरिज़्म प्रबंधन सीए/ सीएस/ सीएमए जैसी व्यावसायिक योग्यताएं (पात्रता के अनुसार), लोक नीति/ विकास प्रबंधन/ सार्वजनिक प्रशासन में स्नातकोत्तर।

### ले सकते हैं सलाह

- बीबीए कॉर्पोरेट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और उद्यमशीलता की स्वर्ण-डोरी है,सही विशेषज्ञता, ठोस कौशल और अनुशासित निष्पादन के साथ आप उच्च-विकास निजी भूमिकाएँ, स्थिर एवं सम्मानजनक सरकारी सेवाएं और विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा,तीनों मार्गों पर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।
- **सुझावः** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.career-jaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### निजी क्षेत्र में विकल्प

**कॉर्पोरेट जगत उच्च-प्रभाव, परिणाम-उन्मुख और ग्राहक-केंद्रित पेशेवरों की तलाश में है,बीबीए स्नातक ठीक इसी मांग को पूरा करते हैं। वे ब्रांड-वृद्धि, राजस्व-त्वरण, लागत-दक्षता और संचालन-उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।**

निम्नलिखित "विशेषज्ञता-आधारित" भूमिकाएं इस प्रकार हैं।

1) विपणन/ डिजिटल/ खुदरा विपणन कार्यकारी, ब्रांड/ कैम्पेन सहायक, डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षु एसईओ/ सोशल मीडिया समन्वयक, सीआरएम कार्यकारी, माल-विक्रय योजनाकर्ता।
2) वित्त/ लेखा/ बैंकिंग-बीमा वित्तीय विश्लेषक प्रशिक्षु, लेखा सहायक, जीएसटी/कर सहायक ऋण-प्रसंस्करण/क्रेडिट समन्वयक, जोखिम-विश्लेषण सहायक, बीमा-अंडरराइटिंग सहायक
3) मानव संसाधन (एचआर) एचआर सहायक, भर्ती समन्वयक, पेरोल/कम्प्लायंस सपोर्ट प्रशिक्षण व विकास समन्वयक, कर्मचारी-संबंध कार्यकारी
4) संचालन/आपूर्ति श्रृंखला/ लॉजिस्टिक्स संचालन सहायक, गुणवत्ता आश्वासन सहायक, क्रय/ प्रोक्योरमेंट सहायक सप्लाई-चेन समन्वयक, इन्वेंट्री/ वितरण योजनाकर्ता
5) व्यवसाय विश्लेषिकी/ एमआईएस एमआईएस कार्यकारी, व्यवसाय विश्लेषण सहायक, रिपोर्टिंग/ डैशबोर्ड समन्वयक

विशेषज्ञता से स्वतंत्र "सामान्य" विकल्प (किसी भी बीबीए स्नातक हेतु) इस प्रकार हैं, ग्राहक सेवा कार्यकारी, इनसाइड-सेल्स/ एसडीआर, प्रशासनिक सहायक ई–कॉमर्स संचालन सहायक, प्रोजेक्ट समन्वयक कंटेंट/ कम्युनिकेशन समन्वयक, उद्यमिता/ स्टार्टअप समन्वयक।

**आय-सीमा (निजी क्षेत्र)**

- **फ्रेशरः** लगभग 3.0–5.5 लाख वार्षिक (स्थान/ क्षेत्र/ कंपनी पर निर्भर)
- अनुभवी (5–10 वर्ष): लगभग 8–22 लाख वार्षिक; उच्च-विकास भूमिकाओं/एमएनसी/एमबीए पश्चात 25–30 लाख+ सम्भव

### सरकारी क्षेत्र में विकल्प

सरकारी सेवाएं स्थायित्व, सामाजिक प्रतिष्ठा और दीर्घकालिक सुरक्षा का समन्वय हैं। बीबीए पृष्ठभूमि के छात्र प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय अनुशासन और संचालन-समझ के कारण अनेक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सशक्त दावेदारी रखते हैं।

**निम्नलिखित प्रमुख** परीक्षाएं/ विकल्प इस प्रकार हैं,

**1) बैंकिंग व बीमा :** एसबीआई/ आईबीपीएस पीओ व क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट एलआईसी/अन्य सरकारी बीमा उपक्रम,असिस्टेंट/प्रशासनिक अधिकारी

**2) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) :** सीजीएल के अन्तर्गतः सहायक लेखा अधिकारी, आयकर सहायक, निरीक्षक/लेखीरीक्षण सहायक सीएचएसएल/अन्य स्नातक पदः डाक/कार्यालय सहायक, डेटा प्रविष्टि इत्यादि

**3) संघ व राज्य लोक सेवा आयोग :** सिविल सेवाएं (आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि), राज्य प्रशासनिक/वाणिज्यिक कर सेवाएं

**4) रेलवे/ पीएसयू/ अन्य बोर्डः** रेलवे एनटीपीसी/कार्यालय सुपरिंटेंडेंट, सार्वजनिक उपक्रमों में प्रशासनिक/वाणिज्यिक पद एफसीआई, ईएसआईसी, ईपीएफओ जैसे संगठनों में उपयुक्त स्नातक पद

**5) रक्षा सेवाए :** सीडीएस/ एएफसीएटी के माध्यम से अधिकारी प्रशिक्षण,नेतृत्व व राष्ट्र-सेवा का गौरवपूर्ण मार्ग लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**आय-सीमा (सरकारी क्षेत्र):**
**फ्रेशरः** लगभग 3.5–7.5 लाख वार्षिक (आम तौर पर पे-लेवल 5–7)
**अनुभवी/वरिष्ठः** लगभग 9–20 लाख वार्षिक; उच्च सेवाओं/उच्च ग्रेड-पे में इससे अधिक, साथ में भत्ते/सुविधाएं

---

# स्क्रीन टाइम कम करें, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को समृद्ध बनाएं



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज का युग डिजिटल क्रांति का है, लेकिन स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और स्क्रीन की चमक में खोकर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और जीवन के अनमोल पलों को नजरअंदाज कर रहे हैं। खासकर छात्रों के लिए, जो अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं, स्क्रीन टाइम को सीमित करना और समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताना न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि जीवन को भी समृद्ध करता है। यह लेख हिंदी में छात्रों को प्रेरित करता है कि वे स्क्रीन की लत से बाहर निकलें और अपने मानसिक स्वास्थ्य व आत्म-विकास पर ध्यान दें। अत्यधिक स्क्रीन टाइम न केवल हमारी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

## तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता

सोशल मीडिया पर तुलना, साइबरबुलिंग, और लगातार ऑनलाइन बने रहने का दबाव छात्रों में तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता है। इसके साथ ही, स्क्रीन की नीली रोशनी नींद को प्रभावित करती है, जिससे एकाग्रता और उत्पादकता कम होती है। लेकिन अगर आप इस समय को नियंत्रित करें, तो आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**स्क्रीन टाइम से होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याए**

**तनाव और चिंताः** परीक्षा का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया पर दूसरों से तुलना छात्रों में चिंता को बढ़ाती है। स्क्रीन टाइम इस तनाव को और गहरा करता है।

**अवसादः** लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से अकेलापन और आत्मसम्मान में कमी आती है, जो अवसाद का कारण बन सकता है।

**एकाग्रता में कमीः** लगातार नोटिफिकेशन्स और मल्टीटास्किंग के कारण पढ़ाई में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।

**नींद की कमीः** देर रात तक स्क्रीन पर समय बिताने से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है।

**साइबरबुलिंगः** ऑनलाइन ट्रोलिंग और नकारात्मक कमेंट्स आत्मविश्वास को कम करते हैं और भावनात्मक तनाव को बढ़ाते हैं।

**स्क्रीन टाइम कम करने के फायदे**

स्क्रीन टाइम को सीमित करके आप अपने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को कई तरह से बेहतर बना सकते हैं।

**बेहतर एकाग्रताः** स्क्रीन से दूरी बनाकर आप पढ़ाई और अन्य कार्यों में अधिक ध्यान दे पाएंगे।

**मानसिक शांतिः** योग और ध्यान तनाव को कम करते हैं और दिमाग को शांत रखते हैं।

**स्वस्थ जीवनशैलीः** स्क्रीन टाइम की जगह योग, व्यायाम, और प्रकृति के साथ समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

**नए कौशल का विकासः** खाली समय में आप कोई नया कौशल जैसे कोडिंग, लेखन, या कोई वाद्य यंत्र सीख सकते हैं।

**मजबूत रिश्तेः** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से भावनात्मक समर्थन मिलता है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

### जीवन को बेहतर बनाने के उपाय

**समय सीमा तय करेंः** रोजाना स्क्रीन टाइम को 1-2 घंटे तक सीमित करें। फोन पर टाइमर या ऐपलिमिटर का उपयोग करें।

**स्क्रीन-फ्री ज़ोनः** पढ़ाई का स्थान और बेडरूम को स्क्रीन-फ्री रखें। सोने से पहले फोन का उपयोग बंद करें।

**योग और ध्यान अपनाएं :** सुबह 10-15 मिनट सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, या मेडिटेशन करें। यह तनाव कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है।

**नए कौशल सीखेंः** अपने समय को रचनात्मक कार्यों में लगाएं, जैसे कोई भाषा सीखना, पेंटिंग, या डिजिटलस्किल्स। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और भविष्य के लिए उपयोगी है।

**परिवार के साथ समयः** परिवार के साथ भोजन करें, बातचीत करें, या कोई खेल खेलें। यह अकेलेपन को कम करता है और रिश्तों को मजबूत करता है।

**प्रकृति के करीब जाएंः** पार्क में टहलें, पेड़-पौधों के बीच समय बिताएँ। यह मानसिक तनाव को कम करता है।

**परामर्श लेंः** अगर तनाव या अवसाद लगे, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें।

**छोटे कदम, बड़े बदलाव :** स्क्रीन टाइम कम करना शुरू में मुश्किल लग सकता है, लेकिन छोटे कदमों से आप इसे आसानी से हासिल कर सकते हैं। हर दिन एक घंटा कम स्क्रीन टाइम का मतलब है हर हफ्ते 7 घंटे आपके पास योग, पढ़ाई, परिवार, या नए कौशल के लिए। यह समय आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और आपके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करेगा। छात्र जीवन आपके भविष्य का आधार है। स्क्रीन की चमक में खोने के बजाय, अपने समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताएँ। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करेगा, बल्कि आपको एक संतुलित, सुखी, और सफल जीवन की ओर ले जाएगा। आज से ही शुरुआत करें अपने फोन को एक तरफ रखें, गहरी सांस लें, और अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं। आपका दिमाग और आपका समय आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं, इनका सही उपयोग करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुव्योरोयान

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप



### गौड़ ब्राह्मण पीजी कालेज में दिवाली मिलन समारोह

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में दिवाली मिलन समारोह बड़े उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. महाश्वेता रहीं। डॉ. महाश्वेता ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली भारत की गौरवमयी संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक पर्व है। यह त्यौहार जीवन में प्रकाश, खुशहाली और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आता है। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे दिवाली पर पटाखे न जलाएं, क्योंकि इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जीव-जंतुओं को भी नुकसान होता है। डॉ. महाश्वेता ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों को मिठाइयां वितरित कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार, डॉ. मोना मल्होत्रा, डॉ. सोन किरण, डॉ. रानी देवी, पूनम अत्री सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



### गणित विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के गणित विभाग में एमएससी गणित के सीनियर विद्यार्थियों द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी- आगाज़ 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. सुमीत गिल ने किया। उन्होंने विभाग में नए आए विद्यार्थियों को जीवन की नई शुरुआत की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सीनियर प्रोफेसर डॉ. जेएस सिक्का ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा सदैव जीवन में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी। सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार ने भी विद्यार्थियों को सही मार्ग पर चलने और ईमानदारी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की सलाह दी।

### एआई आधारित व्हाट्सएप चैटबॉट किया लॉन्च

**रोहतक।** हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक मंडल के पुलिस अधीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ब्यूरो द्वारा जनता को भ्रष्टाचार से संबंधित आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करवाने के लिए एआई आधारित व्हाट्सएप चैटबॉट लांच किया गया है। ब्यूरो की यह पहल सरकार की पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाती है। नागरिक भ्रष्टाचार की शिकायत टोल फ्री नंबर 1800-180-2022, व्हाट्सएप नंबर 94178-91064, ईमेल आईडी एसीबी ऐट द रेट एचआर वाई डॉट एनआईसी डॉट आईएन के अलावा ब्यूरो के पंचकूला स्थित मुख्यालय एवं रोहतक मंडल कार्यालय में की जा सकती है। अधीक्षक विजय सिंह ने कहा कि ब्यूरो द्वारा शुरू की गई व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा नागरिकों की सुविधा को लॉन्च की गई है।

## राज्य स्तरीय विद्यालय खेलों का होगा आगाज, खिलाड़ी दम दिखाने को तैयार

# रोहतक में वेटलिफ्टिंग, अंबाला में बेसबॉल व सिरसा में नेटबॉल की होंगी प्रतियोगिताएं

- प्रतियोगिताओं को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल
- सभी जिलों से 176-176 खिलाड़ी करेंगे भागेदारी

16 अक्टूबर को अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में योग और कैरम प्रतियोगिताएं होंगी। योग आर्ट गैलरी में और कैरम एक्टिविटी हॉल में आयोजित किया जाएगा, प्रतियोगिताओं के मंच से विद्यार्थियों के अंदर आत्मविश्वास की जागृति पैदा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग पंचकूला द्वारा आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं 2025 के अंतर्गत अब नए जोश और ऊर्जा के साथ विभिन्न जिलों में खेलों का आगाज होने जा रहा है। विभाग द्वारा घोषित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 15 से 17 अक्टूबर तक में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता (अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग) का शुभारंभ कल सुबह 9:30 बजे होगा, जिसमें सभी जिलों के 176-176 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त अंबाला में बेसबॉल (अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग) तथा सिरसा में नेटबॉल और सॉफ्टबॉल प्रतियोगिताएं (अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग) भी आयोजित की जाएंगी। विभाग द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि सभी आयोजन खेल भावना, अनुशासन और समन्वय के साथ संपन्न हो सकें। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना तथा राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व हेतु तैयार करना है।



रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल का छात्र शुभम मेडल दिखाते हुए।

### ताइक्वांडो में एचडी स्कूल का शुभम चैंपियन

**रोहतक।** बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के प्रतिभाशाली जूनियर वर्ग के छात्र शुभम ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के बल पर ताइक्वांडो फेडरेशन द्वारा अंबाला में आयोजित प्रतियोगिता (11 से 13 अक्टूबर) में माइनस 51 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। भिवानी के खिलाड़ी को पराजित कर शुभम ने यह सिद्ध किया कि संकल्प और समर्पण हो तो जीत निश्चित होती है। विद्यालय के कोच रोहतास ने बताया कि शुभम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते अब उसका चयन राष्ट्रीय जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता, जो बेंगलुरु में आयोजित होगी, के लिए हुआ है।

### प्रतियोगिताओं का शेड्यूल

मीडिया संयोजक एवं योगा एक्सपर्ट डॉ. जनक राज ने बताया कि अंडर-11 वर्ग की योग प्रतियोगिता नई एसजीएफआई नियमावली के अनुसार कराई जाएगी। इसमें ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, रिदमिक पेयर एवं आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धाएं होंगी। प्रत्येक इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय अंडर-11 योग प्रतियोगिता में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों को प्रतियोगिताओं की सूचना दें तथा टीमों को निर्धारित तिथियों पर समय से पहुंचाना सुनिश्चित करें।

### जिला स्तरीय अंडर-11 खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी दिखाएंगे दम

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार अंडर-11 आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियों के लिए जिला स्तरीय खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 16 से 18 अक्टूबर तक विभिन्न स्थलों पर आयोजित की जाएंगी। 16 अक्टूबर को अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में योग और कैरम प्रतियोगिताएं होंगी (योग आर्ट गैलरी में और कैरम एक्टिविटी हॉल में आयोजित किया जाएगा)। 17 अक्टूबर को अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता (आर्ट गैलरी में) और सांस्कृतिक कार्यक्रम (एक्टिविटी हॉल में) आयोजित होंगे, जिनमें मोनो एक्टिंग, ग्रुप सांग, रागिनी, फैंसी ड्रेस और पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहेंगी। 17 और 18 अक्टूबर को मानव रचना स्कूल, सुनारिया में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी और कुश्ती प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी, वहीं सर छोटू राम स्टेडियम, रोहतक में लड़कों एवं लड़कियों की जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी।



रोहतक। खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा भारती विद्यालय का खेलों में शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड पर विद्यार्थियों ने 36वें उत्तर क्षेत्रीय खेलकूद समारोह 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक एमसीएल सरस्वती विद्या मंदिर हरि नगर दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक एवं रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के खेल प्रमुख नमित दहिया ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि छात्रों ने कठिन परिश्रम और लगन से शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक आदि रहे।



### डीडीओ ने सामूहिक भोज करवाकर मनाया बेटे जन्मदिन

रोहतक। राजकीय उच्च विद्यालय मकरौली खुर्द में मंगलवार को एक विशेष अवसर पर डीडीओ यशवीर मलिक ने विद्यालय परिवार के लिए सामूहिक दोपहर भोज का आयोजन किया। यह आयोजन उनकी धर्मपत्नी ज्योति मलिक की पदोन्नति के उपलक्ष्य में किया गया। इससे एक दिन पूर्व, 13 अक्टूबर को उन्होंने अपने ज्येष्ठ के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की ओर से एफएलएन जिला समन्वयक रूपांशी हुड्डा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। भोज कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएड स्कॉलर कोमल, संस्कृत अध्यापिका सुशीला देवी, मोनिका और विनोद का विशेष सहयोग रहा।

## दिल्ली हाफ मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिल्ली हाफ मैराथन 2025 में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले और हरियाणा का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप की सुपरस्टार धाविका बिमला बनवाला ने 21.1 किलोमीटर की दौड़ 1 घंटा 57 मिनट में पूरी कर अपने आयु वर्ग (55–59 वर्ष) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें 35,000 का नगद पुरस्कार मिला। वहीं ग्रुप के सबसे वरिष्ठ धावक रामफल फोगाट ने 10 किलोमीटर की दौड़ 1 घंटा और 37 सेकंड में पूरी कर अपने आयु वर्ग (75 वर्ष से ऊपर) में द्वितीय स्थान हासिल किया और 10,000 का पुरस्कार प्राप्त किया। इसी के साथ, दिल्ली पुलिस में कार्यरत और रनिंग मशीन के नाम से प्रसिद्ध चंद्रपाल बनवाला की टीम ने पुलिस कप में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 60,000 की राशि जीती। दिल्ली हाफ मैराथन का आयोजन वर्ष 2005 से लगातार किया जा रहा है और यह विश्व स्तरीय प्रतियोगिता मानी जाती है।

### धावकों का प्रदर्शन रहा सरहानीय, किया सम्मानित



आरआरजी के अन्य धावकों रणबीर मलिक, आशीष राठी, सुधीर शोकीन, रविंद्र दहिया, पंकज भार्गव, सुरेंद्र खत्री, एम.आर. सनप, मोहन सिंह आर्य, चहल दंपति (ज्योति एवं देवेंद्र), अजयबीर सिंह, परवीन दलाल, अभिषेक कुंडू, श्वेता, अमित अहलावत, नितेश कुमार, सौरभ, जितेंद्र कुमार, रमेश श्योराण, नरेंद्र कुमार, नरेंद्र राम, राकेश डबास, राजीव भारद्वाज, भूपेंद्र दलाल और अरविंद पाल दहिया का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। दौड़ की शुरुआत सुबह 5 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हुई, जो इंडिया गेट, जनपथ और संसद मार्ग से होते हुए पुनः स्टेडियम में ही समाप्त हुई।

## कल्चरल फेस्ट में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्कॉलर्स रोजरी विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रोहतक जिले के सभी खंडों से कक्षा 5वीं से 8वीं तक के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने की। वहीं, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डिप्टी डीईईओ राजबाला और प्राचार्या सुनीता अहलावत रहीं। समारोह में एडीसी नरेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीईओ मनजीत मलिक, डीपीसी बिजेंद्र हुड्डा, डिप्टी डीईईओ मुन्नी देवी, राजबाला और प्राचार्या सुनीता अहलावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक उत्सव में जिले के विभिन्न ब्लॉकों की 55 टीमों ने रागिनी, नाटक, एकल नृत्य, समूह नृत्य और लोकगीत जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों में हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और लोक परंपरा की झलक स्पष्ट दिखाई दी।




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि एडीसी नरेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में डीईओ मनजीत मलिक, डीपीसी बिजेंद्र हुड्डा, डिप्टी डीईईओ मुन्नी देवी, राजबाला और सुनीता अहलावत ने विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डीईओ मनजीत मलिक ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करते हैं। नोडल अधिकारी सुनीता अहलावत ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों की पुरस्कार राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा करवाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता रितु मलिक ने प्रभावशाली ढंग से किया।




रोहतक। ताइक्वांडो कुक्कीवान कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र।

### एमएस सरस्वती स्कूल के छात्र ताइक्वांडो में छाए

रोहतक। गौकर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती विद्यालय के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल ओपन ताइक्वांडो कुक्कीवान कप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता आईजीआई स्टेडियम, केडी जाधव हॉल, दिल्ली में 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की गई थी। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एमएस सरस्वती स्कूल को गौरवान्वित किया। विद्यालय के निर्देशक हिमांक मित्तल और प्रधानाचार्या रितु ने सभी विजेताओं को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने टीम कोच अश्विनी पांचाल के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में विज्ञान सप्ताह संपन्न, बच्चों ने प्रस्तुत किए मॉडल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित चार दिवसीय विज्ञान सप्ताह का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ किया गया। समापन अवसर पर प्रार्थना सभा के दौरान सप्ताह भर चले विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विज्ञान सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का परिचय देते हुए इको-फ्रेंडली हाउस, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्लोबल वार्मिंग, इफेक्ट्स ऑफ पेस्टिसाइड्स, फॉसिल फ्यूल्स, सेव वाटर, सोलर सिस्टम, इफेक्ट्स ऑफ डिफॉरेस्टेशन, सीड जर्मिनेशन और इम्पॉर्टेंस ऑफ फूड जैसे विषयों पर मॉडल, वाद-विवाद, नाटक, पोस्टर निर्माण और वार्ता के माध्यम से प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

### ये रहे मौजूद

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि "विज्ञान ने आधुनिक संस्कृति को नई दिशा दी है। इस अवसर पर उपप्राचार्या मशेंका, रेखा, रितु, विन्नी, शोभा, रुचि, रवनीत, हर्ष, रेशमा, तरू, सीमा शर्मा, दुर्गा, दीपमाला, सिमरन, विनीता, नीलम, सीमा ढुआ आदि रहे।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का एथलेटिक में शानदार प्रदर्शन

- प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र विनीत ने द्वितीय और छात्र गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा एमडीयू कैंपस में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक चैंपियनशिप में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र विनीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्र गौरव ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी लगन, मेहनत और खेल कौशल का परिचय दिया। दोनों विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रबंधक राजेश सांगवान, प्राचार्या मनीषा सांगवान और समन्वयक प्रमिला सांगवान ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के खेल शिक्षक विकास और उनकी टीम को भी दिया गया, जिनके समर्पित मार्गदर्शन और सतत परिश्रम से विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर यह शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि सांगवान इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे कई सुनहरे अवसर प्रदान करता रहेगा।



रोहतक। प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ शिक्षक।



मेडल के साथ केवीएम वासु मलिक।

### केवीएम स्कूल के छात्र वासु मलिक ने वुशु स्टेट गेम्स में जीता गोल्ड

**रोहतक।** केवीएम स्कूल के प्रतिभावान छात्र वासु मलिक ने एमडी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयोजित हरियाणा स्टेट लेवल वुशु गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। वासु ने यह उपलब्धि 70 किलोग्राम भार वर्ग (अंडर-14 बॉयज) में हासिल की। गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही वासु का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। प्राचार्या मीना कौशिक और प्रीति बजाड़ ने छात्र के स्कूल पहुंचने पर उसे सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं कीं।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्रों को दिया लाभ

# तीन ग्राम पंचायतों ने 243 प्लॉटों के निकाले लकी ड्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत जिला की तीन ग्राम पंचायतों में कुल 243 प्लॉटों का ड्रॉ निकाला गया। द्वितीय चरण में लाखनमाजरा खंड की ग्राम पंचायत खरैंटी, महम खंड की ग्राम पंचायतों गिरावड़ एवं खरकड़ा छाज्जाण में 243 प्लॉटों का ड्रा निकाला गया। डीसी गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के द्वितीय चरण में प्रदेश के 15 जिलों की 145 ग्राम / महाग्राम पंचायतों में लगभग 9 हजार के 100-100 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट के आबंटन के लिए ड्रॉ निकाले गए। इसके तहत जिला के लाखनमाजरा खंड की ग्राम पंचायत खरैंटी में 65 लाभार्थियों तथा महम खंड की दो ग्राम पंचायतों गिरावड़ के 101 लाभार्थियों एवं खरकड़ा छाज्जाण के 77 लाभार्थियों के प्लॉट के ड्रॉ निकाले गए।



रोहतक। मौजूद लाभार्थी। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। प्लॉटों का ड्रॉ निकालते उपायुक्त सचिन गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पात्रों को मिले प्लॉट

उपायुक्त के मुताबिक सरकार द्वारा हर सर पर छत मुहैया करवाने के उद्देश्य से पात्र गरीब परिवारों को ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में 100-100 वर्ग गज के रिहायशी प्लॉट तथा महाग्राम पंचायतों में 50-50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट दिए जा रहे है। सरकार जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ तेज गति से आगे बढ़ रही है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### दीपावली परिवार मिलन समारोह मनाया

**रोहतक।** भारत विकास परिषद् भगत सिंह शाखा द्वारा निजी गार्डन में दीपावली परिवार मिलन समारोह एवं दीप महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश जैनने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम के साथ की गई। सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं, अंगवस्त्रों और बैज पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह में महिलाओं, बच्चों और युगलों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जगमोहन मित्तल ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए परिषद् द्वारा किए जा रहे संस्कार एवं सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

### फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह कल

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में एमबीबीएस बैच 2025 के फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह 16 अक्टूबर, 2025 को 11:00 बजे लेक्चर थियेटर 5 में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के कुलपति डॉ. एचके. अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन डॉ. अशोक चौहान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता सिंघल और वरिष्ठ प्रोफेसर एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष डॉ. सिम्मी खरब उपस्थित रहेंगे। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर उमेश यादव ने बताया कि फाउंडेशन कोर्स का उद्देश्य नव प्रवेशित एमबीबीएस छात्रों को चिकित्सा शिक्षा में सुचारू रूप से प्रवेश करने में मदद करना है। इसमें पेशेवर नैतिकता, संचार कौशल, टीमवर्क, तनाव प्रबंधन, और मानसिक स्वास्थ्य पर सत्र शामिल हैं, योग, खेल, और पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाता है।

*व्यस्त इलाकों में दमकल बाइकों और अन्य आपात सेवा वाहनों की ड्यूटी तय*

## सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा के इंतजामों को लेकर सतर्क

# दीपावली पर दमकल विभाग तैयार, कर्मियों की छुट्टियां रद्द

दमकल विभाग ने शहर के मुख्य बाजारों, मॉल, बाजार चौक, धर्मकांटे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनाती की योजना बनाई

*विभाग के अधिकारी बताते हैं कि इस बार पड़ोस और गलियों में भी निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि किसी भी प्रकार की आग या दुर्घटना को तुरंत काबू में लाया जा सके।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा के इंतजामों को लेकर दमकल विभाग पूरी तरह सतर्क है। विभाग ने सभी कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है और शहर के व्यस्त बाजारों तथा व्यस्त इलाकों में दमकल बाइकों और अन्य आपात सेवा वाहनों की ड्यूटी तय की गई है। दमकल विभाग ने शहर के मुख्य बाजारों, मॉल, बाजार चौक, धर्मकांटे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनाती की योजना बनाई है। विभाग के अधिकारी बताते हैं कि इस बार पड़ोस और गलियों में भी निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि किसी भी प्रकार की आग या दुर्घटना को तुरंत काबू में लाया जा सके।



### कर्मचारियों की ड्यूटी

दमकल विभाग ने सभी कर्मचारियों को सकल ड्यूटी में लगाया है, जिसमें स्टेशन, बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की तैनाती शामिल है। अधिकारी बता रहे हैं कि जिन कर्मचारियों की पहले छुट्टियां निर्धारित थीं, उन्हें रद्द कर दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके।

### बाइकों की तैनाती

विभाग ने स्पेशल दमकल बाइकों को बाजारों में खड़ा किया है। इन बाइकों का उपयोग सघन ट्रैफिक वाले क्षेत्रों में आपात स्थिति में तेजी से पहुंचने के लिए किया जाएगा। अधिकारी बताते हैं कि यह कदम भीड़भाड़ वाले बाजारों में आग लगने की स्थिति में समय पर प्रतिक्रिया देने में मदद करेगा।

### सुरक्षा उपाय और जागरूकता


*दमकल विभाग ने आम जनता को भी आग से बचाव और सुरक्षा उपायों का पालन करने के लिए चेताया है। उन्होंने कहा कि लोग सुरक्षित स्थान पर पटाखे जलाएं, इलेक्ट्रिक लाइटिंग की वायरिंग की जांच करें और घर के आसपास सूखे पत्ते या ज्वलनशील सामग्री न रखें।*

### आपातकालीन नंबर और त्वरित प्रतिक्रिया

दमकल विभाग ने फोन नंबर 101 को 24 घंटे सक्रिय रखा है। सभी स्टेशनों में कर्मचारियों की तत्परता सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी आग या दुर्घटना की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### प्रशासन का सहयोग

*नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने भी दमकल विभाग के साथ मिलकर सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की योजना बनाई है। पुलिस प्रमुखों ने सुनिश्चित किया है कि त्यौहार के दिन बाजारों में यातायात सुचारू रहे और दमकल विभाग की गाड़ियों को समय पर मार्ग मिलता रहे।*



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि नीलिमा, निदेशक एमएसएमई भिवानी। फोटो : हरिभूमि

### वैश्य तकनीकी संस्थान में एमएसएमई योजनाओं पर सेमिनार का आयोजन

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में टीपीओ सेल के तत्वावधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें एमएसएमई विभाग भिवानी और रोहतक के अधिकारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलिमा, निदेशक एमएसएमई भिवानी और रचना त्रिपाठी असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई भिवानी उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त एमएसएमई से श्रीराम और तरुण ने भी शिरकत की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया। नीलिमा और रचना ने विस्तारपूर्वक बताया कि छात्र किस प्रकार अपने स्टार्टअप्स में निवेश कर सरकार की एमएसएमई योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों सेप्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाने का आग्रह किया। मौके पर वैश्य शिक्षण संस्थान के प्रधान विकास गोयल ने कार्यक्रम की सफलता पर आयोजन टीम को बधाई दी। सेमिनार में अमित शर्मा, हेमंत कुमार, मंजू जैन सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### पत्रकारिता विभाग में मनाया दीपावली मिलन समारोह

**रोहतक।** दीप पर्व से प्रेरित होकर ज्ञान, अमन-चैन, भाईचारा, सामाजिक समरसता का संदेश विश्वविद्यालय परिसर, समाज, प्रदेश-देश में प्रचारित-प्रसारित करने का संकल्प महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने गत दिवस दीपावली मिलन समारोह में लिया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने सुंदर रंगोली सजाई, मिट्टी के दीए प्रज्वलित किए तथा गीत-संगीत से दीप पर्व का उजास चहुंओर भर दिया। विभाग के प्राध्यापक गण सुनित मुखर्जी तथा डॉ. नवीन कुमार ने दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की। दोनों प्राध्यापकों ने पूरे देश के अलग-अलग प्रांत में दीप पर्व मनाने की परंपरा पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को ज्ञान का दीप प्रज्ज्वलित कर अंधियारे से उजियारे की ओर जाने को प्रेरित किया। शोधार्थी प्रिया ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम संचालन साक्षी हुड्डा ने किया। प्रारंभ में छात्र निशांत अहलावत ने उपस्थित जन का हार्दिक स्वागत किया। विद्यार्थियों ने नाच-गाकर आसन्न दीप पर्व का उल्लास मनाया। एक दूसरे को दीप पर्व की शुभकामनाएं देते हुए परस्पर स्नेह, प्रेम, भाईचारा का संदेश बुलंद किया।

## एमडीयू में खेल उत्कृष्टता की नई उड़ान

- राज्य सरकार और साई से मिलेगा एक करोड़ का अनुदान
- एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और रेसलिंग में बनेगा स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में खेल अवसंरचना को नई दिशा देने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। राज्य सरकार के खेल विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने विश्वविद्यालय में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और रेसलिंग में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने के लिए एक करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार यह राशि एमडीयू में खेल उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने के लिए दी गई है।

इन केंद्रों के माध्यम से खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण, वैज्ञानिक कोचिंग और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी, जिससे विश्वविद्यालय में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और प्रदेश के खेल परिदृश्य को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में खेलों को शिक्षा के समान महत्व दिया जा रहा है।

यह अनुदान हमारे खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और एमडीयू को खेल उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### प्लाट पर कब्जा करने पहुंचे बदमाशों ने ठेकेदार व परिजनों पर किया हमला, दो घायल

- जगबीर के सिर और कमर पर सलाइगर से वार किया

**सांपला।** जीटी रोड स्थित सोमानी टाइल्स के सामने एक प्लाट पर मंगलवार दोपहर कब्जे को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। हमलावरों ने ठेकेदार सहित उसके परिजनों पर ईंट, कुर्सी और हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस्माईला निवासी ठेकेदार ने वर्ष 2016 में मकडौली निवासी बिजेन्द्र और संदीप से करीब 622 वर्ग गज का प्लाट खरीदा था। मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे वह अपने भाई राहुल के साथ प्लाट पर नींव और डीपीसी का कार्य कर रहा था। उसी दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार 4-5 युवक, जिनके साथ एक जेसीबी मशीन भी थी, मौके पर पहुंचे। पीड़ित के अनुसार, हमलावरों में विक्की बॉक्सर, सुनिल निवासी जसबीर कॉलोनी और रवी निवासी विशाला नगर सहित अन्य युवक शामिल थे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कहा कि यह प्लाट हमारा है, नींव को उखाड़ देंगे। इस दौरान पीड़ित को कुर्सी और ईंटों से मारा गया तथा एक युवक ने सलाइगर (लोहे की छड़) से हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर परिजन जगबीर, सुनील और पवन मौके पर पहुंचे तो उन पर भी हमला किया गया। बताया गया कि जगबीर के सिर और कमर पर सलाइगर से वार किया गया, जबकि ठेकेदार को पिस्तौल के बट से मारा गया। इसी बीच 30-40 अन्य युवक भी मौके पर आ गए, जिनके पास डंडे, राइफलें और पिस्तौलें थीं। आरोप है कि एक युवक ने डोगा (हथियार) से फायर कर दिया।



रोहतक। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस की प्राथमिकता में नहीं रहे स्वदेशी उत्पाद: ग्रोवर

**रोहतक।** सेक्टर-6 स्थित मंगल कमल कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा के सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस ने स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता में नहीं रखा, इसलिए देश आत्मनिर्भर नहीं बन पाया, मगर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि देश पर पहले मुगलों ने शासन किया। उसके बाद ब्रिटिश आए और फिर आजादी के बाद कांग्रेस ने देश का नेतृत्व किया, मगर अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि देश कांग्रेस के करीब 60 साल के शासन में जिस रफ्तार से आगे बढ़ना चाहिए था, ऐसा नहीं हो पाया। कांग्रेस ने स्वदेशी वस्तुओं को तवज्जो देने की बजाय विदेशी उत्पादों को महत्व दिया और इसी का नतीजा रहा कि देश निर्यात बढ़ाने की बजाय चीजों का आयात ज्यादा करने लगा। देश की 60% से ज्यादा आबादी गांव में रहती है, इसलिए गांव के युवा स्वदेशी उत्पाद बनाने की दिशा में काम करेंगे तो उन्हें रोजगार मिलेगा और बड़े सपने पूरे कर पाएंगे। सम्मेलन को भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, जिला महामंत्री नितिन जैन ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के बारे में भी विस्तार से विचार रखें। बाद में चेयरपर्सन हुड्डा ने सभी कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत बनाने मैं सहयोग देने की शपथ दिलाई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, नवीन शर्मा, जितेंद्र नांदल, कुलदीप रुड़की, मार्केट कमेटी के वॉइस चैयरमेन हरबंस, मंडल संयोजक राज सिंह, देवराज, तेजवीर, रौनक, भगवान चुलियाना, कृष्ण मलिक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अधिकारी करवाएं सभी प्रबंध : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा रोहतक में 3 से 7 नवंबर तक आयोजित करवाई जा रही बॉक्सिंग की प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण करवाएं। एसोसिएशन द्वारा 2 नवंबर से 8 नवंबर तक प्रदेशभर में राज्य स्तरीय हरियाणा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 2 नवंबर को गुरुग्राम से किया जाएगा।सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित करवाई जा रही प्रतियोगिताओं की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

# एमडीयू के अभिलाषा महिला छात्रावास में हर्षोल्लास से मनाया दीपावली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अभिलाषा महिला छात्रावास परिसर में दीपावली का उत्सव, उत्साह, उल्लास और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की गरिमा के साथ मनाया गया। संपूर्ण परिसर दीपों, रंगोलियों और पुष्प सज्जा से आलोकित था, जिससे वातावरण में भक्ति, सौंदर्य और उत्सव का उजास व्याप्त हो गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. शरणजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास परिषद ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीपों का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक प्रकाश और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे समाज में सकारात्मकता, सहानुभूति और सशक्तिकरण की ज्योति जलाएं।





रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि डॉ. शरणजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास परिषद व समूह नृत्य करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### एकता में शक्ति का संदेश देती दीपावली

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रावास में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन छात्राओं में आत्मीयता, अनुशासन और भारतीयता के संस्कारों को पुष्ट करते हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली हमें एकता में शक्ति का संदेश देती है और यह पर्व हर दिल में आशा का दीप प्रज्वलित करता है। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर एवं चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग ने स्वागत भाषण दिया। इसके उपरांत कृष्णा, मेघना एवं अन्य महिला छात्रावास की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और कविताओं ने सभी का मन मोह लिया। प्रो. एससी मलिक, डीन एकेडमिक अफेयर्स, डीन कॉलेज डेवलपमेंट कॉउंसिल प्रो. विनीता हुड्डा, प्रो. सुधीर, चीफ वार्डन (बॉयज हॉस्टल), प्रो. आशीष दहिया, निदेशक जनसंपर्क तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट्स वेल्फेयर प्रो. सोनू भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



रोहतक। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को सवा पांच लाख रुपए का एक चेक सौंपते पूर्व मेडिसिन विभाग अध्यक्ष एवं कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बी बंसल।

### प्रोफेसर बी बंसल ने पीजीआई को कार्डियोलॉजी में दिया सवा पांच लाख रुपये का चेक

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में पूर्व मेडिसिन विभाग अध्यक्ष एवं कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बी बंसल ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को सवा पांच लाख रुपए का एक चेक सौंपा। यह चेक प्रोफेसर एस.सी श्रीवास्तव ओरिएंटेशन इन कार्डियक साइंसेज में शुरू करने के लिए दिया गया है। प्रोफेसर बी बंसल ने कहा कि वह चाहते हैं कि संस्थान का कार्डियोलॉजी विभाग उन्नति करें और कार्डियोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ यहां आकर अपना व्याख्यान दें, जिससे चिकित्सकों का ज्ञानवर्धन होगा। कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि प्रोफेसर बी बंसल ने अपने समय में मेडिसिन और कार्डियोलॉजी विभाग के उत्थान के लिए काफी महत्वपूर्ण कार्य किए। डॉ अग्रवाल ने बताया कि प्रोफेसर बी सी बंसल चाहते हैं कि संस्थान का कार्डियोलॉजी विभाग आगे बढ़े और यहां आकर कार्डियोलॉजी के विशेषज्ञ नवीनतम तकनीकों के बारे में संस्थान के चिकित्सकों को अपडेट करें, जिसका फायदा प्रदेश के मरीजों को मिल सके। उन्होंने बताया कि डॉ. बी बंसल और डॉ. उमा बंसल के नाम पर कई सोसाइटियों में ओरेशन पहले से ही चल रहे हैं, जिसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं।

## दुकानदारों और नागरिकों ने बढ़ाई भागीदारी

# किला रोड पर विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम ने किला रोड पर जनभागीदारी के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, वार्ड पार्षद कपिल नागपाल, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नोरातामल भटनागर और मार्किट ऐसोसियेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत चलाया गया और इसका उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाना तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना है। अभियान के दौरान नगर निगम की स्वच्छता टीमों ने पूरे मार्ग की सड़क सफाई, नालियों की सफाई और कचरा संग्रहण का काम किया। सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से सभी प्रमुख मार्गों और बाजारों की सफाई सुनिश्चित करती रहेंगी।




रोहतक। शुभारंभ करते विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नोरातामल भटनागर व मार्किट ऐसोसियेशन के पदाधिकारी।

### सफाई से संबंधित समस्याओं को सुना

विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने बताया कि अभियान में स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सफाई से संबंधित समस्याओं को सुना गया और लोगों को आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने और दुकानों पर डस्टबीन रखने के लिए जागरूक किया गया। नगर निगम ने बताया कि शहर के अन्य प्रमुख मार्गों जैसे जींद रोड, गोहाना रोड और हिसार रोड पर भी इस तरह के विशेष सफाई अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सड़कों और नालियों को स्वच्छ रखना है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता भी बढ़ाना है। डॉ. आनंद शर्मा ने अपील की कि सभी लोग सफाई में सहयोग करें और अपनी भागीदारी से रोहतक को स्वच्छ शहर बनाने में योगदान दें।